भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न सं. †*110
सोमवार, 11 दिसम्बर, 2023/20 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन क्षेत्र में रोजगार का तुलनात्मक विश्लेषण

†*110. **श्री जगदम्बिका पाल**:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान भारत में पर्यटन क्षेत्र में रोजगार के वर्तमान परिदृश्य के तुलनात्मक विश्लेषण का ब्यौरा क्या है और प्रत्यक्ष रूप से कुल कितनी नौकरियों का सृजन हुआ है और उक्त अवधि के दौरान इसमें किस प्रकार विकास हुआ है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसके योगदान का तुलनात्मक संक्षिप्त विवरण क्या है; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान इस सम्बन्ध में कौन-कौन सी प्रवृत्तियां अथवा परिवर्तन देखे गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*****

श्री जगदम्बिका पाल द्वारा पर्यटन क्षेत्र में रोजगार का तुलनात्मक विश्लेषण के संबंध में दिनांक 11.12.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न सं. †*110 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

(क) से (ग) : भारत में पर्यटन क्षेत्र में रोजगार परिदृश्य और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में पर्यटन का योगदान निम्नानुसार है :

संकेतक	2019-20	2020-21	2021-22
कुल पर्यटन जीडीपी (करोड़ रु.)	1041747.04	297432.99	415689.03
जीडीपी में पर्यटन की कुल हिस्सेदारी (%)	5.18	1.50*	1.77
कुल पर्यटन नौकरियां (मिलियन)	69.44	68.07	70.04
रोजगार में हिस्सेदारी	13.50	12.91*	12.66

स्रोत: राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी 2023, तीसरे पर्यटन सेटेलाइट अकाउंट – 2015-16 और आवधिक श्रमशक्ति सर्वेक्षण डाटा के संबंधित दौरों का उपयोग करते हुए राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद (एनसीएईआर) की गणना ।
*जीडीपी में पर्यटन के हिस्सेदारी और पर्यटन रोजगार में कमी कोविड-19 महामारी के कारण आई है ।

कोविड महामारी के कारण जीडीपी में पर्यटन की हिस्सेदारी वर्ष 2019-20 में 5.18% से घटकर वर्ष 2020-21 में 1.50% रह गई थी । तथापि महामारी के बाद वर्ष 2021-22 में कुल जीडीपी में पर्यटन की हिस्सेदारी बढ़कर 1.77% हो गई । अर्थव्यवस्था में कुल रोजगार में पर्यटन रोजगार की हिस्सेदारी वर्ष 2019-20 में 13.50% से घटकर वर्ष 2020-21 में 12.91% रह गई थी । महामारी के बाद 2021-22 में पर्यटन रोजगार की हिस्सेदारी 12.66% थी ।

*****